## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 05.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 2029 से महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए संसद का बजट सत्र फिर से शुरू होगा।
2. पेट्रोलियम मंत्रालय ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यम पर दिया जोर , दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास करने की अपील।
3. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनेक राज्यों में हुई अतिवृष्टि, ओला पाला का लिया संज्ञान, अधिकारियों को फसल क्षति की समीक्षा का दिया निर्देश।
4. और सिविल कोर्ट रांची समेत राज्य के जिला न्यायालयों मे कल से 27 जून तक मोर्निंग कोर्ट , सुबह सात से 12 बजे तक चलेगी कार्यवाही।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू करवाने के लिए संसद का बजट सत्र तीन दिन बढ़ा दिया गया है। केरलम के तिरुवल्ला में एक चुनावी रैली में श्री मोदी ने कहा कि बजट सत्र 16, 17 और 18 अप्रैल को फिर आयोजित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ राज्यों में जनसंख्या घटने पर सीटें कम होने की खबरें अफवाह है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से महिला सशक्तिकरण से जुड़े इस मुद्दे का पूर्ण समर्थन करने का भी आग्रह किया। साथ ही यह भी कहा कि महिला प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, नारी शक्ति वंदन कानून में संशोधन भी किए जाएंगे।

*****************

उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि मानसिक शांति और आत्मावलोकन का महत्व बढ़ गया है और ध्यान ही समग्र स्वास्थ्य की कुंजी है। आज नई दिल्ली में विश्व ध्यान सम्मेलन में उन्होंने कहा कि 2047 में विकसित भारत बनाने के लिए देश को अनुशासित प्रयासों की आवश्यकता है जो मन, शरीर और आत्मा के संतुलन से ही संभव है।

*****************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए डिजिटल माध्यम के उपयोग पर जोर दिया है। मंत्रालय ने नागरिकों को सलाह दी है कि वे अफवाहों से सावधान रहें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। साथ ही नागरिकों को पी.एन.जी., इंडक्शन और इलेक्ट्रिक कुकटॉप जैसे वैकल्पिक ईंधनों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया है । वर्तमान स्थिति में, सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे अपने दैनिक उपयोग में ऊर्जा संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयास करें।

*****************

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने स्पष्ट कहा कि एलपीजी गैस सिलेंडर की डिलीवरी हर हालत में उपभोक्ताओं के घर पर ही सुनिश्चित की जाए। गैस तेल कंपनियों के उच्च अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने होम डिलीवरी को अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कालाबाजारी पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

*****************

धनबाद के मुनीडीह क्षेत्र में गैस कटर सिलेंडर में अचानक जोरदार धमाके से दो लोगों की मौत हो गई है। घटना के वक्त वहां 8 से 10 लोग मौजूद थे। सभी घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ले जाया गया। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। वहीं दो का इलाज अस्पताल में जारी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*****************

रांची में गर्मी से पहले 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में विद्युत विभाग प्रयासरत हैं। इस दिशा में बिजली के जर्जर तारों को बदला जा रहा है। रांची जोन के जीएम मनमोहन कुमार ने बताया कि ओवरहेड वायरों को बदलने का काम किया जा रहा है

*****************

राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव आज एक दिवसीय झारखंड दौरे पर रांची पहुंचे । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, तेजस्वी यादव कार्निवल हॉल में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर चर्चा होगी।

*****************

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अनेक राज्यों में हुई अतिवृष्टि, ओला पाला का संज्ञान लिया है। श्री चौहान ने कृषि मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ओला पाला, अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति की समीक्षा करें। श्री चौहान ने किसान भाइयों–बहनों को आश्वस्त किया कि संकट की इस घड़ी में केन्द्र सरकार किसानों के साथ है। श्री चौहान आज संबंधित राज्यों के कृषि मंत्रियों से ओला पाला और अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति के संबंध में चर्चा करेंगे।

*****************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 39 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

*****************

रांची सिविल कोर्ट रांची समेत राज्य के जिला न्यायालयों में कल से 27 जून तक सभी अदालतों में सुबह की पाली में कामकाज होगा। कोर्ट की कार्यवाही सुबह सात बजे से दोपहर 12 बजे तक चलेगी।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अंग्रेजी शोषण और अन्याय के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंकने वाले चुआड़ विद्रोह के महानायक, अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर नमन किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि उनकी शहादत झारखंड के वीर सपूतों की गाथाएं हमें सदैव प्रेरित करती रहेंगी।

*****************

झारखंड समेत देशभर में आज ईस्टर मनाया जा रहा है। यह अवसर प्रार्थना, पश्चाताप और यीशु मसीह के जीवन के अंतिम चरण को याद करने के पवित्र सप्ताह का प्रतीक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने आशा व्यक्त की कि प्रभु यीशु मसीह का पुनरुत्थान लोगों को सत्य, प्रेम, करुणा, त्याग और क्षमा के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी ईस्टर पर शुभकामनाएं दी

*****************

जमशेदपुर में भी आज ईस्टर का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जा रहा है।... पूर्व सांसद सुमन महतो ने कहा कि ईस्टर का पर्व जीवन और पुनर्जन्म के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है।

*****************

पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र के संयुक्त प्रभाव से राज्य के कई हिस्सों में मौसम बदल गया है । मौसम विभाग ने आज गढ़वा, पलामू, चतरा और हजारीबाग जिलों में गरज के साथ बारिश, ओलावृष्टि और वज्रपात की संभावना जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चल सकती है। वहीं कल रांची, रामगढ समेत नौ जिलों में भी इसी तरह का मौसम रहने का अनुमान है।

*********समाप्त*************